संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ का घर में लटका मिला शव

सिसवा बाजार(महराजगंज)। कोठीभार थानाक्षेत्र के ग्रामसभा शीतलापुर में 55 वर्षीय व्यक्ति की फंदे से लटका हुआ शव मिलने से गांव में शोक का माहौल है। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गयी है। सोमवार को ग्राम शीतलापुर निवासी परमानंद (55) पुत्र बुद्धा का संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर में फंदे से लटका हुआ देखकर ग्रामीणों ने कोठीभार पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा एवं पोस्ट मार्टम की कार्यवाही में जुट गई। उक्त प्रकरण में थानाध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने बताया कि जांच की जा रही है मौत का कारण अभी पता नहीं चला है। शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

विधायक निधि से निर्मित सीसी रोड में बड़ा खेल,बदल दिया रूट

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां तहसील क्षेत्र के धर्मदास पट्टी में विधायक निधि से निर्मित सीसी रोड में रूट बदलने का मामला सामने आया है। प्रस्तावित रूट को बदलकर एक चहेते के घर तक सड़क का निर्माण करा दिए जाने का आरोप है। जानकारी के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में धर्मदास पट्टी में 260 मीटर सीसी रोड का निर्माण विनोद मौर्या के घर से राम सजन शर्मा के घर तक प्रस्तावित था। इसके लिए 19.27 लाख रुपये की धनराशि भी अवमुक्त की गई थी। आरोप है कि निर्माण में लगे ठेकेदार ने रूट बदलते हुए सीसी रोड का निर्माण विनोद मौर्या के घर से फूलदेव दुबे के घर तक करा दिया। जबकि मौके पर लगाए गए शिलापट्ट पर विनोद मौर्या के घर से राम सजन शर्मा के घर तक निर्माण दर्शाया गया है। इसको लेकर पीड़ित राम सजन शर्मा ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर अनियमितता का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में अवर अभियंता सुबोध त्रिपाठी ने बताया कि विवाद होने के कारण रूट बदल दिया गया है और सीसी रोड का निर्माण विनोद मौर्या के घर से फूलदेव दुबे के घर तक कराया गया है।

◆प्रस्तावित सीसी रोड विनोद मौर्या के घर से राम सजन शर्मा के घर तक होना था निर्माण,विनोद मौर्या के घर से फूलदेव दुबे के घर तक करा दिया निर्माण

पुरानी रंजिश को लेकर मनबढ़ों ने पिटा केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। गीडा थाना क्षेत्र के जुड़ियान निवासी कविता चौहान पत्नी विनोद चौहान का पड़ोस के एक शख्स से खासिनी हो गई थी। उसी बात को लेकर मनबढ़ गाली गलौज कर रहा था। 17 अक्टूबर को शाम सात बजे मनबढ़ बेटे को देखकर गाली गलौज करने लगा। जिसका बेटे ने विरोध किया। तो आरोपी अपने परिजन को बुला लिया और बेटे को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी हरिश्चंद्र चौहान,जगमोहन चौहान, विद्या चौहान के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

दो दोस्तों के बीच मारपीट,एक का सिर फटा तो दूसरे का हाथ जख्मी

नौतनवां (महराजगंज) (आज)। कस्बे के सिद्धार्थनगर मोहल्ले में एक मैरिज हाउस के पास किसी बात को लेकर दो दोस्तों के बीच मारपीट हो गई। घटना में बिस्मिल नगर निवासी निखिल कुमार का सिर फट गया, जबकि अरुण गौतम के हाथ में गंभीर चोट आई।

मारपीट की घटना से इलाके में चर्चा का माहौल रहा। मिली जानकारी के अनुसार, निखिल कुमार और अरुण गौतम के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। इस दौरान निखिल का सिर फट गया और अरुण का हाथ जख्मी हो गया। मामले में पुलिस ने दोनों को थाने बुलाया। थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि मारपीट के मामले में आरोपियों को पाबंद किया गया है। प्रकरण की जांच की जा रही है।

सड़क हादसे में दो नेपाली युवक घायल

झुलनीपुर निचलौल (आज) भारत नेपाल सीमा से लगे शीतलापुर स्थित बॉर्डर रोड एसएसबी कैंप बीस कड़ी के पास सोमवार को सड़क दुर्घटना में दो नेपाली युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों की पहचान शुभम पुत्र बसंत विश्वकर्मा (22) रंजीत बिन पुत्र दिवाकर (22) ग्राम जगन्नाथ थाना बेलाटाड़ी जिला नवल परासी के रूप में हुई है। गंभीर चोटों के कारण शुभम की हालत नाजुक बनी हुई है। शीतलापुर चौकी प्रभारी सूरज तिवारी ने कहा कि नेपाली गाड़ी पल्सर से दो व्यक्ति लक्ष्मीपुर की तरफ से आ रहे थे कि अचानक गाड़ी लेकर सड़क पर गिर गए। जिससे दोनों को काफी छोटे आई है। सूचना मिलने के तुरंत बाद मौके पर पहुंच घायल दोनों नेपाली युवकों को उपचार के लिए एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल भेजा गया। जहां उपचार के बाद घायल शुभम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

◆शीतलापुर एसएसबी कैंप बीस कड़ी पास हुआ हादसा

गोंडा वेटरन्स ने महराजगंज को छः विकेट से हराया

नौतनवां (महराजगंज)। (आज) डा.गौर हरि सिंघानिया यूपी टी-20 लीग वेटरन्स 2026-27 के तहत महराजगंज वीसीए और गोंडा वेटरन्स के बीच मुकाबला नेपाल के भैरहवा स्थित रंगशाला स्टेडियम में खेला गया। इसमें गोंडा वेटरन्स ने छह विकेट से जीत दर्ज की।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए महराजगंज की टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 99 रन बनाए। जवाब में गोंडा ने 19 ओवर में चार विकेट खोकर 101 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। गोंडा की ओर से मेराज ने 39 और रुखसार खान ने 33 रन बनाए। गेंदबाजी में राजेश चंद्र पांडेय, रुखसार खान और मेराज ने दो-दो विकेट लिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लुंबिनी प्रांत के मंत्री संतोष कुमार पांडेय, लुंबिनी प्रेस क्लब नेपाल के अध्यक्ष कमल रायमाझी सहित भारत और नेपाल के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। महराजगंज वीसीए के चेयर मैन संदीप अग्रहरि, अध्यक्ष मोहम्मद शाबी जाफरी ने आयोजन को भारत-नेपाल के खेल संबंध मजबूत करने तथा वेटरन खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की पहल बताया। इस दौरान मंच संचालन कुलदीप मणि ने किया।

महिला से छेड़छाड़, पुलिस जांच में जुटी

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार भोर में शौच कर घर लौट रही महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर दी है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, सोमवार भोर करीब 4 बजे महिला शौच के बाद घर लौट रही थी। उसी दौरान रास्ते में खड़े गांव के एक युवक ने अश्लील हरकत करते हुए छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गया। इस संबंध में चौकी इंचार्ज आदर्श पांडेय ने बताया कि मामला पेशबंदी का प्रतीत हो रहा है, छेड़छाड़ की घटना नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

महाराणा प्रताप महाविद्यालय के वार्षिक महोत्सव में विद्यार्थियों ने बिखेरी प्रतिभा की चमक

जंगलधूसड़ (गोरखपुर)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में आयोजित सप्तदिवसीय वार्षिक महोत्सव के तीसरे दिन सोमवार को दौड़,गायन,कैरम प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा, संगीत कौशल, एकाग्रता का शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने महोत्सव को उत्साह पूर्ण, आकर्षक बना दिया। दौड़ प्रतियोगिता में 120 धावकों ने लिया हिस्सा दौड़ प्रतियोगिता के अंतर्गत 100, 200 और 400 मीटर की स्पर्धाएं बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित की गईं। इनमें कुल 120 विद्यार्थियों ने प्रति भाग किया,

जिनमें 68 छात्राएं और 52 छात्र शामिल रहे। 100 मी. बालिका वर्ग में निशा गुप्ता प्रथम, खुशी द्वितीय, काजल तृतीय स्थान पर रहीं। बालक वर्ग में सुनीत निषाद ने प्रथम, आकाश ने द्वितीय, शिवम चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मी. बालक वर्ग में पंकज पाल प्रथम, सुधांशु साहनी द्वितीय, सुनीत निषाद तृतीय रहे। बालिका वर्ग में निशा गुप्ता ने प्रथम, गुड़िया साहनी ने द्वितीय,खुशी मिश्रा ने तृतीय स्थान हासिल किया। 400 मीटर बालिका वर्ग में वानी प्रथम, निशा गुप्ता द्वितीय,खुशी तृतीय रहीं। वहीं,बालक वर्ग में सुधांशु साहनी प्रथम, विनीत कु. द्वितीय, राज मौर्या तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. अखिलेश गुप्ता, हरिकेश यादव, डॉ.क्षमा मिश्रा, श्रीमती श्वेता, सुश्री श्रेया पाण्डेय शामिल रहीं। प्रतियोगिता का संयोजन वाणिज्य विभागाध्यक्ष डा.नंदन शर्मा ने किया। गायन प्रतियोगिता में खुशबू मिश्रा प्रथम गायन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मधुर स्वर, सुर और ताल के माध्यम से अपनी संगीत प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में बीएड तृतीय सेमेस्टर की खुशबू मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीए प्रथम सेमेस्टर की आराधना प्रजापति,बीएड प्रथम सेमेस्टर की शिवांगी सिंह संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं, बीए तृतीय सेमेस्टर के कीर्तिमान, बीएड प्रथम सेमेस्टर की आरती सिंह ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में बीएड विभागाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा निषाद, सहायक आचार्य डॉ.अनुभा श्रीवास्तव, रक्षा अध्ययन विभागाध्यक्ष विवेक विश्वकर्मा शामिल रहे। प्रतियोगिता का संचालन एवं संयोजन बीएड विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती दीप्ति गुप्ता ने किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की गायन प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के साथ भारतीय संगीत एवं सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति उनकी रुचि विकसित करना था। कैरम में रितिका, अमरनाथ ने मारी बाजी कैरम प्रतियोगिता में 58 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बालिका वर्ग में बीए प्रथम सेमेस्टर की रितिका विजेता रहीं, जबकि बीएससी प्रथम सेमेस्टर की स्नेहा सिंह उपविजेता बनीं। बालक वर्ग में बीए प्रथम सेमेस्टर के अमर नाथ विजेता रहे जबकि बीसीए पंचम सेमेस्टर के अंशुमान पांडेय उपविजेता रहे। प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. पप्पू कु., गौरव द्विवेदी ने किया।

◆वार्षिक महोत्सव में दौड़, गायन और कैरम प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

मुकदमा दर्ज कराने के नाम पर हिस्ट्रीशीटर पर 30 हजार रुपये हड़पने का आरोप

सहजनवां (गोरखपुर)। गीडा थाना क्षेत्र में रह रहे एक हिस्ट्रीशीटर पर मुकदमा दर्ज कराने के नाम पर 30 हजार रुपये हड़पने का आरोप लगा है। पीड़ित ने गीडा थाने और सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, भरसाड निवासी गंगेश्वर यादव पुत्र स्व. लालचंद यादव ने बताया कि वे तीन भाई हैं और अलग-अलग रहते हैं। उनके एक भाई गिरजेश्वर यादव की 1 जुलाई 2023 को मौत हो गई थी, जिनके पास ढाई बीघा खेत था। गंगेश्वर का आरोप है कि मृतक भाई की पत्नी रेखा यादव ने जमीन बैनामा करने की इच्छा जताई, जिसके एवज में उन्होंने भाभी को 10 लाख रुपये दे दिए। बाद में भाभी ने जमीन किसी और को बेच दी और रुपये वापस नहीं किए। इसी मामले में गांव के एक परिचित के माध्यम से गीडा क्षेत्र में रह रहे एक हिस्ट्रीशीटर से संपर्क हुआ। उसने भाभी पर मुकदमा दर्ज कराने के नाम पर 30 हजार रुपये की मांग की। आरोप है कि 24 जनवरी 2026 को गीडा स्थित एक होटल में बुलाकर हिस्ट्रीशीटर ने 5 हजार रुपये ऑनलाइन और 25 हजार रुपये नकद ले लिए। रुपये लेने के बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ।

रुपये वापस मांगने पर हिस्ट्रीशीटर ने धमकी दी कि थाने में उसका आपराधिक रिकॉर्ड देख ले और दोबारा पैसे मांगे तो फर्जी मुकदमे में जेल भिजवा देगा।

एमएलसी देवेन्द्र प्रताप सिंह ने किया नव निर्मित प्रतिष्ठान का उद्घाटन

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला उपनगर स्थित ब्रह्मस्थान के समीप मन्नू लाल दिलीप कुमार सर्राफ से वस्त्र विक्रेता नवनिर्मित प्रतिष्ठान का सोमवार को मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह एवं दिलीप उमर द्वारा ब्रह्म स्थान पर पहुंच कर पूजा अर्चना करने के उपरांत श्री सिंह के हाथों वैदिक मंत्रों के बीच दुकान का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि काफी प्रसन्न दिखे। प्रतिष्ठान के प्रोपरा इटर की सराहना किए उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठान को आगे बढ़ाने के लिए ईमानदारी और विश्व सनीयता नितांत आवश्यक है। इस दोनों बातों को जो लोग लेकर आगे चलते है वह लोग व्यापार में सफल बन जाते है। सामान में गुणवत्ता होनी चाहिए। गुणवत्ता से ग्राहकों में प्रतिष्ठान के प्रति विश्व सनीयता बढ़ती है। सफल व्यवसाई का यह मुख्य लक्ष्य होना चाहिए। इस अवसर पर भदोही से चल कर आए विशिष्ट अतिथि सत्येंद्र बारी पिछड़ा कल्याण आयोग के दर्जा प्राप्त मंत्री ने भी प्रतिष्ठान का अवलोकन कर प्रशंसा किया। प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर दिलीप कुमार उमर ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को स्मृत चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षक नेता हरेकृष्ण दुबे ,बसपा के चिल्लूपार प्रभारी अस्मिता चंद, रणविजय चंद देवेंद्र चंद, विभ्रांट चंद कौशिक तारकेश्वर पांडे राम सिद्ध दुबे रामानंद पांडेय द्वारिका सिंह सरोज रंजन शुक्ला भारद्वाज पाण्डेय हरिनंदन मिश्रा दुर्ग विजय दुबे पन्नेलाल यादव लक्ष्मी यादव प्रदीप पांडे बब्लू दुबे देवेश निषाद प्रणव शाही गुड्डू राय संजय राय दिनेश सिंह बहादुर मौर्य इंद्र बहादुर वर्मा सहित भरी संख्या में क्षेत्र के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन

गोलाबाजार (गोरखपुर)। 15 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी, गोरखपुर के तत्वावधान में गोला थाना क्षेत्र स्थित रामगिरीश राय पीजी कॉलेज, दुबौली में आयोजित दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ।

समारोह में कैडेट्स ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए कैंप कमांडेंट कर्नल अमूल्य प्रताप सिंह ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स को संगठन के आदर्श वाक्य एकता और अनुशासन को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाना चाहिए। अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और राष्ट्रप्रेम ही युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। उन्होंने कैडेट्स को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान कैडेट्स को सैन्य प्रशिक्षण के साथ विभिन्न शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। शिविर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को समापन समारोह में पुरस्कृत किया गया। रस्साकशी प्रतियोगिता में अल्फा कंपनी विजेता रही। लाइन एरिया प्रतियोगिता में सीआरडीएम पीजी कॉलेज, गोरखपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य प्रतियोगिता में कस्तूरबा इं. कॉलेज, देवरिया ने बाजी मारी, जबकि समूह गीत प्रतियोगिता में सीआरडीएम पीजी कॉलेज, गोरखपुर प्रथम रहा। पोस्टर मेकिंग सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं में एपीएन, बस्ती ने प्रथम स्थान हासिल किया। आशुभाषण प्रतियोगिता में सीआरडीएम पीजी कॉलेज, गोरखपुर प्रथम रहा, जबकि ड्रिल प्रतियोगिता में डेल्टा कंपनी ने पहला स्थान प्राप्त किया। समारोह में डिप्टी कैंप कमांडेंट मेजर आकांक्षा पांडेय, मेजर डॉ. अपर्णा मिश्रा, कैप्टन दिव्या यादव, लेफ्टिनेंट स्वाती, सेकेंड ऑफिसर पुष्पा दीक्षित, सुबेदार मेजर राजू मोरे, सुबेदार मेजर आर.के. शर्मा, जीसीआई नीता यादव सहित पीआई स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

बकरी चराने के विवाद को लेकर दो पक्ष भिड़े,10 लोगों पर मुकदमा दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां थाना क्षेत्र में बकरी चराने के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने कुल 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पहले पक्ष के अनुसार, जिगिना/ शहबाजगंज निवासी कुशलावती देवी पत्नी राजन ने आरोप लगाया कि 24 अक्टूबर को उनकी बकरी चरने जा रही थी, तभी पड़ोस की महिलाओं ने ईंट-पत्थर से मारना शुरू कर दिया। विरोध करने पर बेटी पूजा और काजल के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने राजेंद्र, हरेंद्र, रविंद्र, माला, आंचल और पिंकी के खिलाफ बलवा, मारपीट और धमकी का केस दर्ज किया है।

दूसरे पक्ष के राजेंद्र प्रसाद पुत्र स्व. बालेश्वर पासवान निवासी शह बाजगंज का आरोप है कि उन्होंने जमीन में पेड़-पौधे लगा रखे हैं। 24 अक्टूबर को दोपहर करीब 3 बजे दूसरे पक्ष द्वारा बकरी से पेड़-पौधे चराकर नष्ट किए जा रहे थे। मना करने पर विपक्षी झोपड़ी में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। उनकी तहरीर पर पुलिस ने सूरज प्रसाद, नीरज प्रसाद, नरसिंह और कुशलावती के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट और धमकी का केस दर्ज किया है।

चिन्हित पत्थर उखाड़ने पर मुकदमा दर्ज

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला उपनगर के गोपालपुर निवासी प्रदीप कुमार दुबे के बगल के गांव रकौली स्थित खेत से प्रशासनिक राजस्व विभाग द्वारा किए गए सीमांकन में चिन्हित पत्थर विपक्ष द्वारा उखाड़ देने पर गोला थाने में पिता पुत्र एवं उनके सहयोगी पर मुकदमा दर्ज हुआ है। प्राप्त विवरण के अनुसार प्रदीप दुबे के खेत का राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन कर पत्थर लगवा दिया गया था। उस चिन्हित पत्थर को बगल के खेत वाले उखड़ कर फेक दिए। प्रदीप कुमार दुबे ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को सूचित करते हुए गोला थाने में दिए गए अपनी तहरीर में लिखा है कि मैं हर्षवर्धन सिंह पुत्र गंगा धर सिंह के साथ रकौली स्थित अपने खेत पर जा रहा था।

वहां जाने पर हमने देखा कि कृष्णमुरारी यादव निवासी देवारी बारी उर्फ भैंसहा अपने बेटों व रिश्तेदार के साथ मिल कर खेत में स्थापित प्रशासनिक राजस्व चिह्न (पत्थर) को उखाड़ दिए। पूछने पर इन लोगों ने प्रार्थी को गाली गुप्ता देते हुए जान मारने की धमकी देने लगे। गोला पुलिस ने इस मामले में बी एन एस की धारा 326 (द्र) 352 व 351 (3) मुकदमा दर्ज कर लिया है।

◆पिता-पुत्र एवं उनके सहयोगी पर मुकदमा दर्ज

चिल्लूपार में मायाशंकर शुक्ल की पदयात्रा दूसरे दिन गोला पहुंची,बड़गो में होगी जनसभा

गोलाबाजार (गोरखपुर)। चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क बढ़ाने और अपनी सियासी ताकत दिखाने के उद्देश्य से भाजपा नेता एवं अंतरराष्ट्रीय पहलवान मायाशंकर शुक्ल की चार दिवसीय पदयात्रा सोमवार को दूसरे दिन गोला पहुंची। सुबह गोपालपुर प्राथमिक विद्यालय से शुरू हुई पदयात्रा दोपहर करीब दो बजे गोला उपनगर के पश्चिमी चौराहे पर पहुंची। यहां से काफिला बर्राह और ककरही होते हुए बड़गो के लिए रवाना हुआ, जहां दूसरे दिन के पड़ाव पर विश्राम के साथ जनसभा आयोजित की जाएगी। पदयात्रा के दौरान समर्थकों में उत्साह देखने को मिला। पदयात्रा के पहले दिन रविवार को मायाशंकर शुक्ल ने धुरियापार स्थित प्रसिद्ध बाबा धवलेश्वर नाथ मंदिर में भगवान शिव और संकटमोचन हनुमान जी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद उनका काफिला पहाड़पुर, मुरारपुर, बनगांव, बेलपार, बरईपार, बनवारपार, सड़सड़ा और चंदौली होते हुए गोपालपुर प्राथमिक विद्यालय पहुंचा था। इस दौरान जगह-जगह समर्थकों ने उनका स्वागत किया। बुलडोजर से पुष्पवर्षा भी आकर्षण का केंद्र रही। **गांव-गांव पहुंचकर जनसमस्याएं सुनने का दावा....** मायाशंकर शुक्ल ने पदयात्रा के माध्यम से गांव-गांव पहुंचकर लोगों से सीधे संवाद करने और उनकी समस्याएं सुनने की बात कही है। उनका कहना है कि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए वह प्रतिबद्ध हैं। लोगों से मिलने वाली शिकायतों और समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर उनके निस्तारण के लिए आवश्यक पहल की जाएगी। चिल्लूपार की राजनीति में भाजपा से विधानसभा टिकट के दावेदार के रूप में चर्चा में रहने वाले मायाशंकर शुक्ल दो बार जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं। वह पिछले दो विधानसभा चुनावों से भाजपा से टिकट की मांग कर रहे हैं। ऐसे में उनकी चार दिवसीय पदयात्रा को जनसंपर्क बढ़ाने के साथ ही क्षेत्र में अपनी राजनीतिक सक्रियता और जनाधार मजबूत करने की कवायद के तौर पर भी देखा जा रहा है। पदयात्रा के दौरान विभिन्न गांवों में लोगों से संवाद,बड़गो में प्रस्तावित जनसभा को लेकर सियासी हलकों की निगाहें टिकी हैं। अभियान में मदन पांडेय, मनीष राय, चौकड़ी प्रधान रामलोचन कसौधन, सीताराम साहनी, पवन तिवारी, शुभम सिंह, प्रवीण राय, विजय मिश्रा, रिंकू तिवारी, शुभम राय, हर्षू राय, भोजपुरी गायक गोविंद शुक्ल, संतोष ठाकुर, सतीश शुक्ल, पीयूष द्विवेदी, ज्ञान मिश्रा, जितेंद्र यादव और बब्लू शुक्ल सहित क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए समर्थक शामिल रहे।

◆गोपालपुर से शुरू हुआ जनसंपर्क अभियान, पश्चिमी चौराहे पर हुआ स्वागत◆बर्राह और ककरही होते हुए बड़गो पहुंचेगी पदयात्रा

ओपीडी में डॉक्टर पर पेन से हमला, हाथ में लगी चोट

सहजनवां (गोरखपुर)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहजनवां में दलालों का आतंक इस कदर है कि डॉक्टर भी सुरक्षित नहीं हैं। ओपीडी में मरीज देख रहे एक डॉक्टर पर एक युवक ने पेन से हमला कर दिया, जिससे उनका हाथ चोटिल हो गया। घटना के बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, सीएचसी में तैनात डॉक्टर ओपीडी में मरीजों का परीक्षण कर रहे थे। उसी दौरान अस्पताल में घूम रहा एक शख्स आया और धौंस दिखाते हुए अपने मरीज को पहले देखने का दबाव बनाने लगा। डॉक्टर द्वारा लाइन में लगने को कहने पर वह आगबबूला हो गया और गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद डॉक्टर की जेब से पेन छीनकर उन पर हमला कर दिया। पेन की नोक लगने से डॉक्टर का हाथ घायल हो गया। घटना की शिकायत अधीक्षक तक पहुंची। डॉक्टर ने थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। बाद में कुछ संभ्रांत लोगों की मौजूदगी में हमलावर ने माफी मांग ली और दोनों पक्षों में समझौता हो गया। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि डॉक्टर पर हमले की जानकारी मिली है और उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

चार माह से पेयजल संकट से जूझ रहे 200 परिवार

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला ब्लॉक के ग्राम सभा खदरा के बेलनापार टोले में करीब 200 परिवार पिछले चार माह से शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे हैं। जलापूर्ति की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होकर दो हिस्सों में कट गई है। इससे बेलनापार तक पानी नहीं पहुंच रहा है, जबकि पाइप से बहकर पानी सड़क और आसपास के खेतों में जमा हो रहा है।

समस्या के चलते सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई है और लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। हैरानी की बात यह है कि जिम्मेदार अधिकारियों को लंबे समय से चली आ रही इस समस्या की जानकारी तक नहीं है। खदरा, रेमा और बेलनापार तीन राजस्व गांव हैं। तीनों क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के लिए जल निगम की ओर से रेमा में वाटर हेड टैंक स्थापित किया गया है। पूर्व प्रधान श्याम बिहारी मिश्र का कहना है कि रेमा और उनके गांव के आधे हिस्से में जब से वाटर सप्लाई शुरू हुई है, तब से लोगों को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल नहीं मिल सका है। बेलनापार निवासी हरी तिवारी ने बताया कि बर्राह से नेवसा जाने वाली सड़क पर मां सरयू गैस एजेंसी के पास जल निगम के ठेकेदार ने वाटर सप्लाई के लिए सड़क के नीचे पाइप डाली थी। पाइप को पर्याप्त गहराई में नहीं दबाया गया था। बीते जुलाई में हुई बारिश के दौरान सड़क पार कर बह रहे पानी से पाइप उखड़ गई। इसके बाद वाहनों की आवाजाही से पाइप क्षतिग्रस्त होकर दो हिस्सों में कट गई। अब मोटर चालू होने पर भी बेलनापार की ओर पानी नहीं पहुंचता। पानी खदरा की तरफ सड़क के उत्तर स्थित खेत में बहने लगता है और सड़क पर जमा होकर गड्ढे बना रहा है। इसी स्थान से पूरब की ओर सड़क पार कर डाली गई पाइप लाइन भी सड़क धंसने से क्षतिग्रस्त हो गई है। पानी के लगातार रिसाव और वाहनों की आवाजाही के कारण सड़क धंस गई है। सड़क के दोनों ओर की जमीन दलदली हो गई है, जिससे लोगों ने इस रास्ते से आना-जाना बंद कर दिया है। अब ग्रामीणों को गैस एजेंसी पहुंचने के लिए बेलदार नगर से खदरा होकर जाना पड़ रहा है। वहीं, बर्राह जाने के लिए भी उन्हें गोला-कौड़ीराम मार्ग पकड़ने में परेशानी हो रही है। इस संबंध में जल निगम के जेई पंकज कन्नौजिया ने बताया कि उन्हें इस समस्या की जानकारी नहीं थी। ऑपरेटर को इसकी सूचना देनी चाहिए थी। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही पाइप लाइन की मरम्मत कराकर जलापूर्ति बहाल करा दी जाएगी।

◆क्षतिग्रस्त पाइप से सड़क पर बह रहा पानी◆जल निगम की लापरवाही से ग्रामीण परेशान◆सड़क धंसने से आवागमन भी प्रभावित; जेई बोले-जल्द दुरुस्त कराई जाएगी पाइपलाइन

जनगणना-2027 के प्रशिक्षण में 1092 कार्मिक उपस्थित,60 को कारण बताओ नोटिस

महराजगंज। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के तहत जनपद में जनसंख्या गणना के लिए प्रगणकों और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को विभिन्न केंद्रों पर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में अनुपस्थित मिले 60 कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। जिले के सदर स्थित समेकित विद्यालय धनेवा-धनेई, नौतनवा, नगर पालिका परिषद महराजगंज, सिसवा बाजार तथा नगर पंचायत चौक, परतावल और पनियरा में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें प्रगणकों और सुपरवाइजरों को जनसंख्या गणना की कार्यप्रणाली, आवश्यक दिशा-निर्देशों, निर्धारित प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के लिए कुल 1,152 कार्मिकों को बुलाया गया था, जिनमें से 1,092 उपस्थित रहे, जबकि 60 अनुपस्थित मिले। संबंधित विभागों की ओर से अनुपस्थित कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जा रहे हैं। जनगणना प्रभारी अम्बिका मौर्य ने बताया कि जनगणना का कार्य निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार त्रुटिरहित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

प्रशिक्षण स्थलों पर कार्यक्रमों का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के साथ जनगणना संबंधी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।